दिनांक 23–29 अगस्त, 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के निर्देशानुसार संस्कृत विभाग द्वारा **"संस्कृत सप्ताह"** मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत संस्कृत से सम्बन्धित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह का शुभारम्भ संस्कृत श्लोक लेखन प्रतियोगिता से हुआ। इसी क्रम में प्रतिदिन क्रमशः काव्य–कार्यशाला, दृश्य (चलचित्र), सम्भाषण, छाया चित्र और श्लोकोच्चारण इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और अपनी रूचि के अनुसार सुभाषित लिखकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा साथ ही बताया कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है, भाषा प्रचार–प्रसार के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी होता रहेगा। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती

किरण आनन्द, डॉ. अशोक निराला, डॉ. पूजा सैनी, डॉ. रेणु माहेश्वरी, डॉ. बाँके बिहारी का भरपूर सहयोग रहा ।